प्रभात खबर

# नकली मोबिल मार्केट में सप्लाई करने वाले का भंडाफोड़



बड़ी मात्रा में तैयार मोबिल से भरा ड्रम, खाली डब्बा स्टीकर, उपकरण बरामद मधुबनी थाना क्षेत्र के मौलवी टोला में चल रहा था गोरखधंधा पूर्णिया. कैस्ट्रॉल कंपनी के नाम पर नकली मोबाइल तैयार कर मार्केट में सप्लाई करने वाले का पुलिस ने भंडाफोड़ कर बड़ी मात्रा में तैयार मोबिल से भरा ड्रम, एक लीटर का खाली डब्बा, कैप, कंपनी का स्टीकर एवं उपकरण बरामद किया गया है. यह कार्रवाई कंपनी के अधिकारी की सूचना के बाद मधुबनी थाना की पुलिस द्वारा बुधवार की दोपहर मौलवी टोला स्थित एक घर में की गई. पुलिस ने छापेमारी कर वाहनों में इस्तेमाल किये गये मोबिल एवं उसे रिफाइन करने का मशीन भी बरामद किया है. थानाध्यक्ष सूरज कुमार सूरज प्रसाद ने बताया कि मो बाबर एवं मो अजहर के घर से मोबिल बरामद किया गया है.दोनों रिश्ते में सगे भाई हैं.कंपनी के अधिकारी के आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. वहीं कोलकाता से पहुंचे कैस्ट्रॉल कंपनी के रिजनल मैनेजर देवाशीष दत्त ने बताया कि पूर्णिया के मार्केट से लगातार सूचना मिल रही थी कि कैस्ट्रॉल कंपनी के नाम से दुकानों में नकली मोबाइल की सप्लाई एक व्यक्ति द्वारा की जा रही है. सूचना का सत्यापन किया गया, तो मामला सही पाया गया. उन्होंने बताया कि वाहनों में इस्तेमाल किये गये मोबिल को स्टोर किया जाता था और उसे रिफाइंड कर उसमें कलर मिलाया जाता था.इसके बाद तैयार मोबिल कंपनी के डब्बे में भरकर उसमें लेवल लगाकर मार्केट में सप्लाई कर रहा था. उन्होंने बताया कि मामले की शिकायत मधुबनी थाना की पुलिस को की गई. पुलिस की छापेमारी में आरोपी व्यक्ति के घर से सिर्फ कैस्ट्रॉल कंपनी का नकली मोबिल ही नहीं, बल्कि गल्फ, टीवीएस, हीरो, बजाज कंपनी के नाम से मोबिल से भरा डब्बा बरामद किया गया है. यह गोरख धंधा करीब दो साल से चल रहा था. स्थानीय लोगों के अनुसार आरोपी व्यक्ति पहले बस स्टैंड के पास एक घर से मोबिल बनाने का धंधा कर रहा था. करीब 20 दिन पहले वह मौलवी टोला स्थित अपने घर से मोबाइल बनाकर बाजार में बेचने का काम कर रहा था. आरोपी व्यक्ति के घर वालों का कहना है कि तैयार किया गया मोबिल सिर्फ पंपिंग सेट मशीन में इस्तेमाल किया जाता है. अगर ऐसी बात है, तो बाइक में डालने वाले एक लीटर वाला सैकड़ों खाली डब्बा किस प्रकार बरामद किया गया.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/purnia/fake-mobile-supplier-exposed-in-the-market